# संवाद पत्र
## पूर्वोत्तर सीमा रेल निर्माण संगठन

अंक 27 वर्ष : सप्तम त्रैमासिक जुलाई, 2013


## मनिहारी-तेजनारायणपुर सेक्शन का शुभारंभ




दिनांक 8.4.2013 को माननीय राज्यमंत्री, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, भारत सरकार, श्री तारिक अनवर ने माननीय सांसद, श्री निखिल कुमार चौधरी, माननीय विधायक, श्री मनोहर प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक/पूर्वोत्तर सीमा रेलवे, श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक/नि/पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री आर. के. सिंह तथा मंडल रेल प्रबंधक/कटिहार की गरिमामयी उपस्थिति में मनिहारी से तेजनारायणपुर तक आमान परिवर्तन के (10.178 कि.मी.) सेक्शन के शेष कार्य का शुभारंभ किया।

यह (34.531 कि.मी.) कटिहार-तेजनारायणपुर आमान परिवर्तन परियोजना का ही अंश है। यह परियोजना वर्ष 2008-09 के बजट में कटिहार-जोगबनी आमान परिवर्तन परियोजना के सामग्री आशोधन के रूप में सम्मिलित किया गया था, जिसे 47 करोड़ रूपए की लागत से पूरा कर लिया गया है। इससे पहले दिनांक 12-09-2011को रेल संरक्षा आयुक्त के अनुमोदन के पश्चात माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा दिनांक 30-11-2011 को कटिहार-मनिहारी सेक्शन के 24.31 कि.मी. लंबे रेलपथ का यात्री यातायात के लिए एक यात्री गाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए शुभारंभ किया गया था। मनिहारी से तेजनारायणपुर तक नए परिवर्तित सेक्शन में क्रमश: मनिहारी, कांताकोस हॉल्ट और तेजनारायणपुर कुल 3 (तीन) स्टेशन हैं । इस सेक्शन में 3 अदद बड़े पुल, 2 अदद सड़क निचले पुल और 7 'सी' क्लास मानव सहित लेबल क्रॉसिंग मौजूद हैं। दिनांक 22 मार्च, 2013 को रेल संरक्षा आयुक्त ने इस सेक्शन का निरीक्षण किया और 75 कि. मी. प्रति घंटा की रफ्तार से गाड़ी चलाने के लिए प्राधिकृत किया। कटिहार से मनिहारी के बीच वर्तमान चलने वाली 3 (तीन) जोड़ी बीजी रेल सेवाओं 55755/55756, 55757/55758 और 55759/55760 का तेजनारायणपुर तक विस्तार किया गया। कृषि समृद्ध इस क्षेत्र के लोग अब अपने कृषि उत्पादों को किफायती दरों पर राज्य से बाहर आसानी से ढुलाई कर सकेंगे और साथ ही इस क्षेत्र में नए उद्योगों को स्थापित करने के मार्ग भी प्रशस्त होंगे। इस आमान परिवर्तन के जरिए सीमावर्ती क्षेत्र (नेपाल) के लोगों को भारत के अन्य हिस्सों से जोड़ने के लिए एक सुगम संपर्क स्थापित होगा।

## माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति का राजभाषा संबंधी निरीक्षण

माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा दिनांक 22.06.2013 को गुवाहाटी स्थित पावरग्रिड, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन) तथा ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटड कार्यालयों के राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया। उक्त समिति में माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी, माननीय संसद सदस्य, (लोक सभा) श्री रमेश बैस, माननीय संसद सदस्य (राज्य सभा) श्री रघुनंदन शर्मा एवं समिति के अन्य अधिकारीगण शामिल थे। महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण संगठन) की ओर से श्री राजेश कुमार सिंह महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण), श्री ए. एस. गरूड़, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1, श्री हरपाल सिंह मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा मुख्य इंजीनियर/नि-8, श्री अजित पंडित, मुख्य इंजीनियर/ निर्माण-1, श्री के.टी. बैचो, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी/नि/II, श्री चंदन अधिकारी, मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/नि, श्री अजय कुमार महाप्रबंधक/निर्माण के सचिव, श्री पी. के. सिंह उप मुख्य कार्मिक अधिकारी तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि, श्री अंबिका कछारी उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/सर्व, श्री भास्कर हजारिका, उप मुख्य बिजली इंजीनियर/नि, श्री के. सिंगसन उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/नि/मुख्यालय, श्री डी.सी. बोरा वरिष्ठं जनसंपर्क अधिकारी/नि, श्रीमती रंजु झा वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि एवं रेलवे बोर्ड की ओर से निदेशक राजभाषा श्री के.पी. सत्यानंदन ने भाग लिया।




| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|
| श्री राजेश कुमार सिंह | श्री हरपाल सिंह | श्री पी.के. सिंह | श्रीमती रंजु झा |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि. |

## सदस्य इंजीनियरी रेलवे बोर्ड का दौरा



श्री एस.के.जैन, सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड ने दिनांक 15.5.2013 को मालीगांव में पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन का दौरा किया और चालू निर्माण परियोजनाओं तथा वर्ष 2013-14 की लक्ष्य निर्धारित परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उक्त समीक्षा बैठक में श्री आर.के. सिंह, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल (निर्माण), श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल तथा निर्माण संगठन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे। पुनः श्री एस. के. जैन, सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड ने दिनांक 22.06.2013.से 24.06.2013 तक पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन का दौरा किया तथा जोरहाट एवं डिब्रूगढ़ के निकट बोगीबिल पुल का भी निरीक्षण किया।

## 58 वॉ क्षेत्रीय रेल सप्ताह समारोह-2013



पूर्वोत्तर सीमा रेल तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन ने संयुक्त रूप से दिनांक 12-04-2013 को रंगभवन, मालीगांव में 58 वें क्षेत्रीय रेल सप्ताह समारोह 2013 का आयोजन किया, जिसमें सराहनीय सेवा के लिए श्री आर.के.सिंह, महाप्रबंधक/नि द्वारा निर्माण संगठन के 12 अधिकारियों, 49 कर्मचारियों, 4 सामूहिक पुरस्कार तथा दक्षता शील्ड प्रदान किए गए।



## "रिजनल परमानेंट कॉ-ऑर्डिनेटिंग फ्रेम वर्क" (आर.पी.सी.एफ.) की 8वीं बैठक



कार्यनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रेल लाइनों की प्रगति की समीक्षा के लिए दिनांक 10-06-2013 को पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण मुख्यालय/मालीगांव में आर.पी.सी.एफ. की 8वीं बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सेना की ओर से सीओ ईस्टर्न कमांड तथा महाप्रबंधक/निर्माण, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-II एवं रेलवे के मुख्य इंजीनियरगण उपस्थित थे।

## नई दिल्ली में महाप्रबंधकों का सम्मेलन

नई दिल्ली में 3 एवं 4 अप्रैल, 2013 को आयोजित महाप्रबंधकों के सम्मेलन में महाप्रबंधक/निर्माण उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान पूर्वोत्तर सीमा रेल-निर्माण संगठन के लिए कार्यसूची की मदों पर प्राप्त अनुदेशों/निदेशों के क्रियान्वयन हेतु अनुवर्ती कार्रवाई शुरू की जा चुकी है।

## संसदीय स्थायी समिति के साथ बैठक

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1 ने नई दिल्ली में 5 अप्रैल, 2013 को *इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स तथा इकॉनोमिक डेवलपमेंट* पर संसदीय स्थायी समिति के साथ हुए बैठक में भाग लिया, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में *इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स तथा इकॉनोमिक डेवलपमेंट* पर एक प्रस्तुतीकरण दिया गया।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 122वां जन्म दिवस



बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 122वें जयंती के अवसर पर दिनांक 17-04-2013 को संगठन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मुख्य भवन के प्रांगन में सम्मिलित होकर बाबा साहब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## स्थानांतरण /पदस्थापन

श्री पुलक चक्रवर्ती, उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/नि/योजना/मालीगांव का दिनांक 25.06.2013 को उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/नि/लामडिंग के पद पर स्थानांतरण हुआ।

श्री पुलीन कुमार डेका, उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/नि/लामडिंग का दिनांक 25.06.2013 को उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/सिगनल/वर्क्स / मुख्यालय के पद पर स्थानांतरण हुआ।

श्री राहुल शाह, उप मुख्य इंजीनियर/नि/1/सिलापथार का दिनांक 27.06.2013 को पूर्वोत्तर रेलवे पर स्थानांतरण हुआ।

श्री यशपाल सिंह धवी, जेएजी/आईआरएसई/पश्चिम रेलवे दिनांक 25.06.2013 को उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/नि/1/सिलापथार के पद पर पदस्थापित हुए।

## स्वागत



श्री सुरेन्द्र सिंह, एसएजी/आई आर एस एस ने दिनांक 19.4.2013 को भंडार नियंत्रक/निर्माण के पद पर पदस्थापित हुए।



श्री के. के.मादिया, उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/सिगनल/वर्क्स/मुख्यालय दिनांक 25.06.2013 को उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/नि/योजना/ मालीगांव के पद पर पदस्थापित हुए।

## बधाई

### अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

01 अगस्त, श्री हरपाल सिंह, मुख्य इंजीनियर-8 व मुराधि/नि
06 अगस्त, श्री अशोक कुमार, उप मुख्य इंजीनियर/नि/सिलचर-3
06 अगस्त, श्री अभिजीत मजुमदार, उप मुख्य इंजी./नि/अभिकल्पि-2
08 अगस्त, श्री टी.टी. भूटिया, उप मुख्य/ इंजी./नि/जिरिबाम
01 सितंबर, श्री एम.आर. चौधरी, मुख्य इंजीनियर/नि/6
04 सितंबर, श्री आर.एस. सिंह, उप मुख्य बिजली इंजी./नि/एनजेपी
05 सितंबर, श्री ए.एस. गरूड़, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि-1
07 सितंबर, श्री अजित पंडित, मुख्य इंजीनियर/नि-1
07 सितंबर, श्री योगेश वर्मा, उप मुख्य इंजी./नि/इंफाल-2
13 सितंबर, श्रीमती जी. चंद्रमौली, उप वि.स.एवं मुलेधि/नि-2
20 सितंबर, श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी, उप वि.स.एवं मुलेधि/नि-3

## माननीय मुख्यमंत्री त्रिपुरा द्वारा समीक्षा

माननीय मुख्यमंत्री त्रिपुरा ने दिनांक 17.05.2013 को अगरतला में लामडिंग-सिलचर-जिरिबाम-बदरपुर-कुमारघाट आमान परिवर्तन परियोजना तथा त्रिपुरा राज्य में चालू परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की।

## आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन





दिनांक 21.05.2013 को आतंकवाद विरोधी दिवस महाप्रबंधक/निर्माण के कार्यालय परिसर में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की शपथ ग्रहण समारोह के साथ आयोजित किया गया।

## रंगाली बिहू का आयोजन



गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्वोत्तर सीमा रेल, ओपन लाइन तथा निर्माण संगठन द्वारा पू.सी. रेल, मालीगांव रेलवे स्टेडियम में रंगाली बिहु हर्षोल्लास से मनाया गया।

डॉ. अमरज्योति चौधरी, प्रोटेम वाइस चंचेलर, तेजपुर विश्वविद्यालय ने रंगाली बिहु का ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिहु नृत्य के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं असम के विभिन्न समुदायों ने अपने-अपने लोक नृत्य प्रस्तुत किए।

# राष्ट्रीय परियोजनाएं

**लमडिंग-बदरपुर-सिलचर, अरूणाचल-जिरिबाम तथा बदरपुर-कुमारघाट आमान परिवर्तन और बराईग्राम-दुल्लभछेरा (29.4 कि.मि.), करीमगंज-मैशासन (10.3 कि.मी) और करीमगंज बायपास लाइन (3.0 कि.मी.) का आमान परिवर्तन हेतु सामग्री आशोधन (कुल-420.26 कि.मी.)**

माह के दौरान कुल 746.53 लाख क्यूबिक मीटर में से 697.143 लाख क्यूबिक मीटर भू-कार्य, 420.14 कि.मी. में से 345.26 कि.मी. फार्मेशन, 11264 मीटर में से 9343.45 मीटर सुरंग (कुल 17 सुरंग में से 12 सुरंग पूरा कर लिया गया और शेष 5 सुरंग का कार्य प्रगति पर है), 1443 मीटर में से 932 मीटर कट एंड कवर, 102 बड़े पुलों में से 90 की उप संरचना और 138 बड़े पुलों में से 108 की अधिसंरचना, 723 में से 610 छोटे पुलों, 11.006 लाख क्यूबिक मीटर में से 7.4164 लाख क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति, 420.14 कि.मी. में से 240.92 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग, 39 में से 34 स्टेशन भवनों एवं 619.011 हेक्टेयर में से 576.242 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण इस परियोजना की संचयी प्रगति रही।

**जिरिबाम - तुपुल तक नई बीजी लाइन ( 84 कि.मी.)**

माह के दौरान 6.10 लाख क्यूबिक मीटर भू-कार्य, 738.60 आर एम सुरंगीकरण और 500 क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति का कार्य पूरा किया गया।

दिनांक 08-03-2013 को तुपुल-इंफाल (26.92 कि.मी.) सेक्शन के लिए विस्तृत प्राक्कलन रेलवे बोर्ड द्वारा 1396.65 करोड़ रूपए स्वीकृत किया गया है।

**रंगिया-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन**

माह के दौरान 0.09 लाख क्यूबिक मी. भू-कार्य, बड़े पुल की 1 उप संरचना और 2 अधिसंरचना, 1 छोटा पुल, 1 आर यू बी, मुख्य लाइन का 14 कि. मी. एवं 2.008 कि.मी. लूप लाइन का ट्रैक लिंकिंग, 27200 क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति और 261 ज्वाइंट फ्लैश बट्ट वेल्डिंग पूरा किया गया।

**बोगीबिल के निकट ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी एवं दक्षिणी तटों पर लिंक लाइनों सहित रेल-सह-सड़क पुल**

माह के दौरान साउथ बैंक पर पी-3, पी-4 और पी-5 के फेंडर वाल पर प्रथम लिफ्ट कॉस्टिंग का कार्य पूरा किया गया। पुल के उत्तरी तट तथा दक्षिणी तट रेल लिंक पर तटबंध, बड़े एवं छोटे पुलों, स्टेशन निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।

जल स्तर में लगभग 2.0 मीटर की बढ़ोतरी के कारण ब्रह्मपुत्र नदी के अंदर के सभी कार्य बंद कर दिए गए हैं।

**तेतेलिया - बरनीहाट तक नई बीजी लाइन (21.50 कि. मी.) (आजरा-बरनीहाट नई लाइन का वैकल्पिक संरेखण)**

माह के दौरान 20,000 क्यूबिक मीटर भू-कार्य पूरा किया जा चुका है।

डीएफओ द्वारा 15.57 हेक्टेयर वन भूमि को अनारक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा सीसीएफ/सेंट्रल असम, गुवाहाटी को दिनांक 10-04-2013 को भेजा गया। सीसीएफ/सेंट्रल, गुवाहाटी ने दिनांक 18-05-2013 को फील्ड दौरा पूरा किया। इस प्रस्ताव को अतिरिक्त पीसीसीएफ (टी)/असम को दिनांक 14-06-2013 को अग्रेषित किया गया है तथा उसी को अतिरिक्त पीसीसीएफ एवं नॉडल अधिकारी (एफ सी अधिनियम)/असम को दिनांक 20-06-2013 को अग्रेषित किया गया है।

**बरनीहाट-शिलांग नई लाइन**

18 कि. मी. लंबाई तक भू-योजना कार्य पूरा कर लिया गया तथा सेक्शन 4 (1) के अधीन अधिसूचना के लिए उपायुक्त/रिभोई को सौंप दिया गया। खासी स्टूडेंट यूनियन (केएसयू) द्वारा विरोध करने के कारण शेष भाग में फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य नवंबर, 10 तक स्थगित किया गया था। लगातार प्रतिवीक्षण तथा बैठकों के बावजूद अभी तक इस मुद्दे पर कोई हल नहीं निकल पाया है।

दिनांक 21-06-2013 को प्रमुख सचिव/राजस्व के साथ आयोजित बैठक में भूमि अधिग्रहण मामले के समाधान के लिए आग्रह करने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि भूमि प्रस्ताव मामले पर निर्णय के लिए शीघ्र ही मेघालय सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा।

**अगरतला से सबरूम तक नई बीजी लाइन ( 110 कि.मी.)**

माह के दौरान 0.25 लाख क्यूबिक मीटर भू-कार्य तथा 1 छोटे पुल पूरा कर लिया गया है।

**भैरव-सैरंग तक नई बड़ी लाइन (51.38 कि.मी.)**

संरेखण की स्टैकिंग पूरी हो चुकी है तथा भूमि अधिग्रहण प्रगति पर है।

**सेवक - रंगपो तक नई बड़ी लाइन (44.33 कि.मी.)**

सेवक-रंगपो नई लाइन राष्ट्रीय वन्य प्राणी बोर्ड से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात महानंदा वन्य प्राणी अभ्यारण्य में 0.306 से 5.961 कि. मी. के बीच सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और भूमि पथांतर के लिए प्रस्ताव दिनांक 16-04-2013 को 0.306 कि. मी. से 5.961 कि. मी. के लिए डीएफओ, वन्य प्राणी मंडल, दर्जिलिंग को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

माझीतर स्टेशन का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है।

**कुमारघाट-अगरतला नई लाइन (109 कि.मी.)**

कुमारघाट से मानु (20 कि.मी.) दिनांक 27.12.2002 को चालू किया गया। मानु-अगरतला (89 कि.मी.) कार्य पूरा किया गया। यह सेक्शन एम जी ट्रेन सर्विस के लिए दिनांक 05.10.08 को चालू किया गया।

**दिमापुर-धनसिरि-सुखोबी-जुब्जा तक नई लाइन ( 90.535 कि.मी.)**

दिमापुर से कोहिमा 123 कि. मी. तक संपूर्ण लम्बाई के लिए एफ एल एस पूरा किया जा चुका है। भू-तकनीकी जांच प्रगति पर है (76.0 कि.मी. पूरा किया गया)। जैविक पार्क से होकर संरेखण गुजरने के कारण स्थानीय लोगों के सख्त विरोध की वजह से राज्य सरकार के अनुरोध पर कि. मी. 4.0 और कि. मी. 7.0 के बीच संरेखण प्रतिस्थापित किया गया।

नगालैंड सरकार ने दिनांक 02-02-2012 के पत्र के तहत लमडिंग-दिमापुर-तिनसुकिया मार्ग धनश्री से नई लाइन शुरू करने का अनुरोध किया है जो चैनेज 16.45 पर सुखोबी में दिमापुर-कोहिमा मूल संरेखण से जुड़ेगा। तदनुसार धनश्री-सुखोबी का एफएलएस पूरा किया गया परन्तु आरक्षित वन की संलिप्तता के कारण परिवर्तित संरेखण पर दुबारा सर्वेक्षण शुरू किया है जो अब तक पूरा किया जा चुका है। 2441.48 करोड़ रूपए का विस्तृत प्राक्कलन स्वीकृति के लिए दिनांक 26.04.2013 को रेलवे बोर्ड भेजा जा चुका है।

## वित्तीय निष्पादन

2012-13 में निष्पादन

♦ खर्च (लगभग) = 2844.74 करोड़ रूपये

2013-14 के लिए परिव्यय

| | | | |
|---|---|---|---|
| ♦ मांग-16 | रेलवे | = | 2624.61 करोड़ रूपये |
| | डीईपी | = | 70.00 करोड़ रूपये |
| | कुल | = | 2694.61 करोड़ रूपये |

2013-14 में खर्च

| | | | |
|---|---|---|---|
| ♦ जून, 13 के दौरान खर्च (लगभग) | | = | 225.55 करोड़ रूपये |
| | | + | 0.00 करोड़ रूपये (निक्षेप कार्य) |
| | कुल | = | 225.55 करोड़ रूपये |
| ♦ जून, 13 तक संचयी खर्च (लगभग) | | = | 972.04 करोड़ रूपये |
| | | + | 0.00 करोड़ रूपये (निक्षेप कार्य) |
| | कुल | = | 972.04 करोड़ रूपये |
| परिव्यय का खर्च (%) | | = | 36.07 % |

## सिगनल एवं दूरसंचार निर्माण कार्य

| कार्य | उपलब्धि | चालू करने की तिथि |
|---|---|---|
| ♦ रंगिया-रंगापाड़ा-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन परियोजना | रंगिया स्टेशन | 02.03.2013 |
| | खांडीकर स्टेशन | 18.04.2013 |
| | गोरेश्वर स्टेशन | 23.05.2013 |
| | खैराबाड़ी स्टेशन | 23.03.2013 |
| | टंगला स्टेशन | 06.06.2013 |
| | हरिसिंगा स्टेशन | 06.06.2013 |
| | उदालगुड़ी स्टेशन | 06.06.2013 |
| ♦ कटिहार-तेजनारायणपुर आमान परिवर्तन परियोजना | मनिहारी स्टेशन | 16.03.2012 |

## वर्ष 2013-14 के लिए लक्ष्य निर्धारित कार्य

- हारमुति-नहरलागुन नई लाइन
- दुधनोई-मेंदीपथार नई लाइन
- नॉर्थ लखीमपुर-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन
- आमबाड़ी-फालाकाटा-बेलाकोबा दोहरीकरण
- रंगिया-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन

## वर्कशॉप

| कार्य | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ♦ न्यू बंगाईगांव-वर्कशॉप आरसीसी बाउंडरी वॉल | 70% | 3500 आरएम में से 2400 आरएम तक तथा 2.40 किमी पथ-वे में से 2.4 मीटर पथ-वे कार्य पूरा हुआ। बाउंडरी वॉल का कार्य पूरा किया गया। |
| ♦ सिलिगुड़ी जंक्शन डीज़ल शेड-100 लोकोमेटिव को रखने के लिए डीज़ल लोकोशेड का विस्तार | 95% | 31.08.2011 कार्य प्रगति पर है। |
| ♦ सिलिगुड़ी जंक्शन-डीज़ल बहुउद्देशीय यूनिट कारशेड के साथ रेल कार रख-रखाव की सुविधा | 100% | 31.3.11 कार्य पूरा हुआ और चालू किया गया। |

## सर्वेक्षण

| क्रम सं | सर्वेक्षण का नाम | स्वीकृति वर्ष | राज्य | प्रगति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इंम्फाल से मोरेह | 2012-13 | मणिपुर | 80% |
| 2 | सायरंग से बिछुआ | 2013-14 | मिजोराम | 10% |
| 3 | पानीसागर से सिमनापुर | 2013-14 | त्रिपुरा | 10% |
| 4 | पाथरकांदी से कानमुम | 2013-14 | असम तथा मिजोराम | 10% |
| 5 | न्यू मैनागुड़ी से गुमानीहाट | 2012-13 | पश्चिम बंगाल | 40% |
| 6 | तेजनारायणपुर से साहेबगंज | 2012-13 | बिहार | 10% |

# सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों का विदाई समारोह




निर्माण संगठन में अपैल, मई तथा जून 2013 में सेवानिवृत्त हुए निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किए गए। इन अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के भुगतान संबंधी चैक तथा स्वेर्ण जड़ित चांदी के पदक प्रदान किए गए। निर्माण संगठन, सेवानिवृत्त हुए इन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके सुखद सेवानिवृत्त जीवन व पारिवारिक समृद्धि की कामना करता है।



| क्रमांक | नाम | पदनाम | कार्यालय/विभाग | सेवानिवृत्ति माह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बी.भट्टाचार्जी | व.इंजी./टीटी | वि.स. एवं मुलेधि/नि | अप्रैल, 2013 |
| 2. | श्री बलराम घोष | सीनियर ट्रेकमैन | उप मुख्य. इंजी./नि/एपीडीजे | अप्रैल, 2013 |
| 3 | श्री श्याम बाहादुर | वाहन चालक-ग्रेड-1 | महाप्रबंधक/नि के सचिव | मई, 2013 |
| 4 | श्री राम नायडु | हेंडीमैन | उप मुख्य इंजी./नि/मालदा टाउन | मई, 2013 |
| 5 | मो: निजामुद्दीन | फेरो प्रिंटर | उप मुख्य इंजी./नि/मालदा टाउन | मई, 2013 |
| 6 | श्री तुल बाहादुर | सीनियर क्लर्क | उप मुख्य इंजी./नि./जोगीघोपा | जून, 2013 |
| 7 | मो: आकाश | सीनियर ट्रैकमैन | उप मुख्य इंजी./नि/रंगिया | जून, 2013 |
| 8 | श्री आर.सी. मंडल | सीनियर खलासी | उप मुख्य इंजी./नि/न्यू जलपाईगुड़ी | जून, 2013 |
| 9 | श्री आर.सी. भगत | हैंडिमैन | उप मुख्य इंजी./नि/न्यू जलपाईगुड़ी | जून, 2013 |
| 10 | श्री बिरजा शर्मा | ब्लैकस्मिथ | उप मुख्य इंजी./नि./जोगीघोपा | जून, 2013 |

# पूर्वोत्तर सीमा रेलवे, निर्माण संगठन की उपलब्धि

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे, निर्माण संगठन ने वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान 243 कि.मी. के लक्ष्य की तुलना में 257.5 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग/इंजन चलाने का कार्य पूरा कर लिया है, जो निम्नानुसार है :-

| क्रम. | सेक्शन का नाम | लक्ष्य | उपलब्धि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोगीबिल पुल का नॉर्थ/साऊथ बैंक रेल लिंक | 22 कि.मी. | 22 कि.मी. | 13 मार्च, 13 को इंजन चलाया गया। |
| 2 | दुधनोई - मेंदीपथार (फेज-I) | 10 कि.मी. | 10 कि.मी. | 22 मार्च, 13 को इंजन चलाया गया। |
| 3 | रंगापाड़ा नॉर्थ-नॉर्थ लखीमपुर | 172 कि.मी. | 172 कि.मी. | 24, 25 एवं 26 मार्च, 13 को इंजन चलाया गया। |
| 4 | मैनागुड़ी रोड, न्यू मैनागुड़ी और न्यू दोमोहिनी के बीच वाई-लिंक | 14 कि.मी. | 4.5 कि.मी. | भूमि मामले के कारण निर्धारित लक्ष्य की आंशिक उपलब्धि रही। |
| 5 | न्यू चैंग्राबांधा-न्यू कूचबिहार का शेष कार्य | 25 कि.मी. | 25 कि.मी. | 29 मार्च, 13 को इंजन चलाया गया। |
| 6 | लमडिंग -सिलचर आमान परिवर्तन परियोजना | - | 24 कि.मी. | 15 मार्च, 13 को ट्रैक लिंकिंग पूरा किया गया। |
| | कुल = | 243 कि.मी. | 257.5 कि.मी. | |

# फील्ड यूनिटों के सभी उप मुख्य इंजीनियरों के साथ बैठक

दिनांक 11-06-2013 तथा 12-06-2013 को निर्माण संगठन के फील्ड यूनिटों के सभी उप मुख्य इंजीनियरों, उप मुख्य - सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियरों/उप मुख्य बिजली इंजीनियरों आदि के साथ कार्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें चालू परियोजनाओं की प्रगति तथा योजना, निधि आवश्यकता, भूमि अधिग्रहण, पी-वे सामग्रियों की आपूर्ति एवं स्क्रैप निष्पादन आदि की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में ओपन लाइन के एसडीजीएम, पीसीई आदि अधिकारियों ने भी भाग लिया।



# पू.सी. रेल (नि) परियोजना में कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन

जम्मू एवं कश्मीर परियोजना की तर्ज पर पू.सी. रेल/निर्माण संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पदस्थापन हेतु पर्याप्त रूप से प्रेरित करने के लिए एक प्रोत्साहन पैकेज दिनांक 11-05-2011 के पत्र संख्या-डब्ल्यू/247/कॉन/ इंसेंटिव के तहत रेलवे बोर्ड को अग्रेषित किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 23-01-2013 एवं 01-04-2013 को इसके अनुमोदनार्थ अनुस्मारक भेजा गया।

# शब्द ज्ञान

| | |
|---|---|
| Revised estimate | परिशोधित प्राक्कलन |
| Restoration | पुन: स्थापन |
| Resumption | पुनरारंभ, पुनर्ग्रहण |
| Prepaid | पूर्वप्रदत्त |
| Non-refundable | अप्रतिदेय |
| Norm | प्रतिमानक |
| Latest | नवीनतम |
| Imbalance | असंतुलन |




दिनांक 22.06.2013 को माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति के साथ
पू.सी.रेल (निर्माण संगठन) के अधिकारी एवं कर्मचारीगण



जिरिबाम-इंफाल नई लाइन परियोजना के अंतर्गत सुरंग संख्या-10 के निर्माण कार्य की प्रगति